हरिभूमि-
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 13 मार्च 2025


तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


14 जिले के 18 हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने के...





14 आजीविका के साथ समूह की महिलाओं के हर्बल ...






## खबर संक्षेप



### युवाओं को सीखने का मिला अवसर

**दुर्गुकोंदल।** 129 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गाँवो से 20 स्थानीय आदिवासी युवा 10 पुरुष और 10 महिलाएं को गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश में आयोजित 16 वें नेहरू युवा केंद्र जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए भेजा गया था। सभी युवा सामरिक मुख्यालय सारंगीपाल 129 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल में वापिस आए, जहां वाहिनी के कमांडेंट संजय सिंह द्वारा उनका स्वागत किया गया और सभी युवाओं से बातचीत किया और सभी बहुत खुश व उत्साहित थे, हम लोगों को कई नई चीजो का सीखने का मौका मिला।

### सीएम से गोंडवाना समाज के पदाधिकारी ने की भेंट



**कांकेर।** गोंडवाना समाज के प्रकृति पुजन का महापर्व मरका पोलहना पंडुम प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संपूर्ण सांस्कृतिक वैभव के साथ 4 से 7 अप्रैल तक मनाया जाएगा। गोंडवाना समन्वय समिति बस्तर संभाग का प्रतिनिधि मंडल कांकेर विधायक आशाराम नेताम के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुख्यमंत्री निवास में मुलाकात कर प्रकृति पुजन के महापर्व मरका पोलहना पंडुम में 7 अप्रैल को मुख्य अतिथि बनने निवेदन किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुए शामिल होने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में संभागीय अध्यक्ष सुमेरसिंह नाग, संभागीय संरक्षक डॉ. कमलकांत शोरी, महासचिव सदेसिंह कोमरे, संभागीय उपाध्यक्ष विजय कोड़ोपी, सुरेश मरकाम, कोंडागांव जिलाध्यक्ष मंगलु नेताम, जिला सचिव केके नेताम, संभागीय कोषाध्यक्ष रामसिंह नाग, राजेश भास्कर, महेश मरकाम, पंडी वड्डे, राजुराम मरकाम व अन्य सामाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सियासत : 15 में 10 पार्षद कांग्रेस के होने पर भी नहीं बना पाए उपाध्यक्ष

# नपं अध्यक्ष निखिल की रणनीति आई काम, भाजपा के गजानंद बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/भानुप्रतापपुर

- भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को मिले 8-8 मत, लाटरी में भाजपा को मिली जीत
- एसडीएम की उपस्थित में मतदान और चुनाव प्रकिया पूरी की गई

पंद्रह पार्षदों वाली नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में कांग्रेस के पास 10 पार्षद होने के बाद भी नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल राठौर ने ऐसी रणनीति तैयार किया, जिसमें भाजपा के गजानंद डडसेना नगर पंचायत उपाध्यक्ष बनने में कामयाब हुए। कांग्रेस के दो वोट क्रास हुए और भाजपा के नगर पंचायत उपाध्यक्ष के उम्मीदवार को 8 और कांग्रेस के उम्मीदवार को 8 मत मिले। बराबर मत मिलने के उपरांत लाटरी सिस्टम से पर्ची निकाली गई, जिसमें किस्मत के धनी गजानंद की पर्ची निकली और बहुमत न होने के बाद भी उपाध्यक्ष पर भाजपा की जीत हुई।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर शपथ के दिन से सरगर्मी बनी हुई थी। 15 पार्षदों में से कांग्रेस के पास 10 और भाजपा के पास 05 पार्षद थे। नगर पंचायत उपाध्यक्ष के चुनाव में 15 पार्षदों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष को भी चुनाव करना था। इस तरह से नगर पंचायत उपाध्यक्ष के लिए 16 मत पड़ना था। बुधवार 12 मार्च को नगर पंचायत के सभाकक्ष में एसडीएम ने नगर पंचायत पार्षदों की उपस्थित लेकर मतदान की प्रकिया को प्रारंभ किया। कांग्रेस की ओर से पंकज वाधवानी ने नामांकन दाखिल किया, वहीं भाजपा की ओर से गजानंद डडसेना ने नामांकन दाखिल किया। रिटर्निंग अधिकारी ने नामांकन पत्रों की जाँच किया और नामांकर फार्म सही पाएं जाने के उपरांत मतदान की प्रकिया को प्रारंभ किया। मतदान होने के उपरांत मतगणना शुरू हुई, जिसमें दोनो प्रत्याशियों को 08-08 मत मिले। बराबर मत मिलने के उपरांत लाटरी सिस्टम से चयन करने की जानकारी रिटनिंग अधिकारी ने दिया। दोनो प्रत्याशियों के नाम की चिट तैयार किया गया और सभी पार्षदों को दिखाया गया। उसके बाद चिट निकाली गई, जो भाजपा प्रत्याशी गजानंद डडसेना के नाम पर निकली। भाजपाईयों में खुशी में जमकर नारेबाजी करने लगे, वहीं कांग्रेस एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते हुए नजर आएं। अंततः नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल राठौर की रणनीति और गजानंद डडसेना की किस्मत बुलंद होने से उपाध्यक्ष बनने में भाजपा कामयाब रही।



### नगर पंचायत के उम्मीदवार ने किया वायरल



भानुप्रतापपुर नगर पंचायत में उपाध्यक्ष के उम्मीदवार पंकज वाधवानी ने वाट्सएप में वायरल किया है कि क्रॉस वोटिंग करने वाले और अपने साथ दूसरे पार्षद को पार्टी के खिलाफ मतदान करने हेतु प्रेरित करने का कार्य करने वाले वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद तुषार ठाकुर के खिलाफ कांग्रेस के आठ अन्य पार्षदों ने लिखित शिकायत करके निष्कासित करने के लिए नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के पर्यवेक्षक जितेंद्र सिंह ठाकुर, विधायक सावित्री मंडावी, प्रदेश सचिव जनक नंदन कश्यप, हेमंत ध्रुव व अन्य स्थानीय वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में आवेदन दिया।

### कांग्रेस में फूट का मिला फायदा

नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल राठौर से इस विषय पर बात किया तो उनका कहना था कि भाजपा पार्टी ने गजानंद डडसेना को उम्मीदवार बनाया गया था। भाजपा के पास 5 पार्षद एवं अध्यक्ष सहित 06 मत थे। मतदान के दौरान किस्मत से भाजपा के उपाध्यक्ष उम्मीदवार को 08 मत मिल गए और उनकी किस्मत इतनी ज्यादा बुलंद थी कि लाटरी में भी पर्ची उनके नाम की निकली। भाजपा के उपाध्यक्ष उम्मीदवार को 08 मत कैसे मिले, यह मुझे भी नहीं पता। कांग्रेसियों में आपसी फूट का फायदा भाजपा को मिला है, यह तय है कि कांग्रेस के दो पार्षद ने हमारे उपाध्यक्ष प्रत्याशी को वोट दिया है।

### भाजपा में खुशी की लहर

भाजपा के नगर पंचायत उपाध्यक्ष बनने की खबर आते ही भाजपाईयों में खुशी का माहौल देखने को मिला। नगर पंचायत परिसर में उपस्थित भाजपाईयों का यहीं कहना था कि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर की रणनीति के चलते यह सफलता मिली है, इसका पूरा श्रेय उन्हीं को जाता है। यह चर्चा थी कि कांग्रेस में उपाध्यक्ष को लेकर फूट पड़ गई थी, जिसका लाभ भाजपा को मिला। गजानन डडसेना को चुनाव प्रभारी नरोत्तम चौहान और भाजपा जिला महामंत्री बृजेश चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजा पाण्डेय और भाजपा के अन्य नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। इसके साथ ही विजय रैली निकाली गई।

## यादव कन्या शाला में 10वीं बोर्ड परीक्षा का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दसवीं और बारहवीं की बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है और परीक्षा की जायजा लेने के लिए 12 मार्च को कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर औचक शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर पहुँचे और चल रही परीक्षा के बारे में केंद्राध्यक्ष से जानकारी लिया।

माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं का संचालन गत 01 मार्च से किया जा रहा है। इसके लिए जिले में कुल 130 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां पर पंजीकृत नियमित स्वाध्यायी परीक्षार्थी विषयवार परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का अवलोकन व निरीक्षण करने कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर 12 मार्च की सुबह शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर का आकस्मिक दौरा किया। इस दौरान वहां पर कक्षा 10 वीं के सभी परीक्षार्थी व्यावसायिक पाठ्यक्रम की परीक्षा देते नजर आए। साथ ही परीक्षा कक्ष में पर्यवेक्षक एवं शिक्षक उपस्थित पाए गए। परीक्षा केन्द्र में विद्युत, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था का भी जायजा लिया। उक्त परीक्षा केन्द्र में 12 मार्च को कक्षा दसवीं के व्यावसायिक ट्रेड के अंतर्गत रिटेल एवं ब्यूटी एंड वैलनेस विषय की परीक्षा आयोजित थी, जिसमें रिटेल विषय की परीक्षा में 20 एवं ब्यूटी एंड वैलनेस विषय में 26, इस प्रकार कुल 46 परीक्षार्थी उपस्थित थे।

बोर्ड परीक्षा की जिला नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं 01 से 28 मार्च तक संचालित की जा रही हैं। जिले में इसके लिए कुल 130 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां कक्षा 10 वीं में कुल 11728 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है, जिनमें 11 हजार 480 नियमित और 248 स्वाध्यायी परीक्षार्थी सम्मिलित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कक्षा 12 वीं में कुल 08 हजार 809 पंजीकृत परीक्षार्थी विषयवार परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल उपस्थित रहे।

## फर्जी लोन वितरण, गबन और धोखाधड़ी के आरोप में फायनेंस कंपनी का सहायक गिरफ्तार, दो फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

फायनेंस कंपनी के तीन कर्मचारी के द्वारा कंपनी के पैसा को कलेक्शन कर कंपनी में जमा नही करते हुए अपने पास रख लिया था। कंपनी का कर्मचारी होकर धोखाधड़ी व विश्वासघात करने की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया और एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कांकेर पुलिस को सफलता मिली है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता लालबाग जगदलपुर निवासी 44 वर्षीय नरेश जेठवा पिता चिमनलाल जेठवा ने पुलिस को बताया कि एचडीबी फायनेंस सर्विस कंपनी ब्रांच कांकेर में आरोपी राघवेन्द्र झा, नितेश बघेल तथा जितेन्द्र धारगाये की पदस्थापना थी। पदस्थापना के दौरान कस्टमर से फायनेंस एवं कलेक्शन का कार्य करते थे। कार्य के दौरान 27 सितंबर 2024 एवं 30 सितंबर 2024 को तीनो आरोपी मिलकर कस्टमर लोगो से कुल कलेक्शन राशि 2 लाख 91 हजार 300 रूपएं का रसीद काटकर कस्टमर को देकर कलेक्शन राशि को फाइनेंस कंपनी में जमा ना करके स्वयं रख कर कंपनी के रकम को गबन किया। शिकायत पर थाना कांकेर में अपराध क्र. 84/25 धारा 316 (2), 316 (5), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन में एएसपी दिनेश सिन्हा एवं एसडीओपी मोहसीन खान के मार्गदर्शन में थाना कांकेर से टीम गठित कर आरोपी राघवेन्द्र झा, नीतेश बघेल तथा जितेन्द्र धारगाये के खिलाफ अपराध सबूत पाए जाने से पता तलाश के दौरान आरोपी कोण्डागांव जिला के ग्राम डोंगरीपारा निवासी 32 वर्षीय जितेन्द्र धारगाये पिता दुखहरण धारगाये को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध ▶▶| शेष पेज 12 पर



## दामों में मामूली बढ़त, हर्बल गुलाल की बढ़ने लगी मांग

# कार्टून पिचकारियां और लाल के साथ भगवा रंग की होली में सर्वाधिक माँग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- होली की दुकानें गली-मोहल्लों में भी सजीं

साल के महत्वपूर्ण त्यौहारों में शामिल रंगो का पर्व होली एक दिन बाद है। ऐसे में होलीमय वातावरण निर्मित होने लगा है। बाजार के चौक-चौराहों से लेकर दुकानों में पिचकारियों से लेकर रंग-बिरंगी गुलाल की दुकानें सज चुकी है। इस बार भी नए कार्टूनों वाली पिचकारियों की अधिक डिमांड नन्हें-मुन्नों के बीच है, वहीं रंगो की बात करें तो लाल रंग के साथ ही भगवा रंग की भी मांग बाजार में ज्यादा है। उल्लेखनीय है कि गुरूवार यानी 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को रंगोत्सव का पर्व मनाया जाना है। ऐसे में रंगों के पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। इधर बाजार में भी रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज चुकी है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक के बाजार व चौक-चौराहों में पिचकारियों और रंग-गुलाल की दुकानें सज धजकर तैयार है। व्यवसायियों में भी इस वर्ष बेहतर व्यवसाय होने की उम्मीद जताई जा ▶▶| शेष पेज 12 पर



### गांवों में नगाड़ों की थाप

होली पर्व से पूर्व ही ग्रामीण इलाकों में होली रंग रोगन का माहौल शुरू हो चुका है। नगाड़ों की दुकानों से नगाड़ों की खरीदी शुरू हो चुकी है। ग्रामीण इलाको में फाग गीतों की गूंज व नगाड़ों की थाप सुनाई देने लगी है। हालांकि शहरी इलाकों में पूर्व की तरह नगाड़ों को थाप कहीं कही सुनाई दे रही है।

### आर्गेनिक गुलाल की मांग

बाजार में सजी दुकानों में बच्चों के लिए कार्टून बनी पिचकारियों से लेकर टेंकर, मैजिक ग्लास, आईस कलर, मुखौटे सहित अन्य सामग्रियों की भरमार है। हर्बल, आर्गेनिक गुलाल से लेकर रंगो के पैकेट, बैलून भी बाजार में उपलब्ध है। बताया गया कि पूर्व वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष पिचकारियों व रंग-गुलाल की कीमतों में कुछ उछाल आया है। बच्चों के बीच कार्टून वाली पिचकारियों की मांग कुछ ज्यादा है।


पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969




## खबर संक्षेप



### शांतिपूर्वक मनाए होली, शांति समिति की बैठक में हुई चर्चा

**अंतागढ़।** पुलिस थाना अंतागढ़ में एसडीओपी अंतागढ़ शुभम तिवारी एवं थाना प्रभारी विकास चंद्र रॉय की उपस्थिति में होली त्यौहार को देखते हुए शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें होली त्यौहार को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने एवं किसी भी व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध उसे पर रंग नहीं डालने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष राधे लाल नाग, उपाध्यक्ष अमल नरवास, मंडल अध्यक्ष महेश उईके, पार्षद संजय ध्रुव, शांतनु मानकर, गोलू महावे, धन्नू राम गोटा, दसोदा उसेंडी, कमलेश्वरी प्रधान, हेमलता देहारी, सतीश ठाकुर, संदीप देहारी, परमानंद प्रधान, घनश्याम यादव, मुकेश ठक्कर, राजू खान, मोनू जैन, संतु ध्रुव, हेमराज धनेलिया सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहें।

### दमकसा में न्योत भोज का किया गया आयोजन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत प्राथमिक शाला दमकसा में कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं को नेवता भोज करवा कर स्कूल प्रबंधन ने सह सम्मान विदाई दी। प्रधान पाठीका खुशबू योगी ने बच्चों से अच्छे पढ़ाई करने और स्व अनुशासित रहने अपने और परिवार, देश का नाम रोशन कर उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं शाला परिवार की तरफ से दी। इस मौके पर शिक्षिका, शारदा चंद्रवंशी, मनीषा दुग्गा एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### केन्द्रीय के पहली कक्षा में प्रवेश के लिए पंजीयन 21 मार्च तक

कोण्डागांव। शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए केन्द्रीय विद्यालय कोंडागाँव में कक्षा–1 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुक्रवार 21 मार्च रात्रि 10 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से होगा। केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश संबंधित विवरण वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

## पेज 11 के शेष

### फर्जी लोन वितरण...

घटित करना स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। आरोपी राघवेन्द्र झा व नितेश बघेल घटना के बाद से फरार हैं। कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, सउनि वेदन सलामे, मप्रआर ज्योति साहू की अहम भूमिका रही है।

### कार्टून पिचकारियां...

रही है। पिचकारी व्यवसायियों ने बताया कि उनकी दुकान में विभिन्न प्रकार के पिचकारियां हैं, वहीं आर्गेनिक गुलाल भी है। बच्चों के लिए कार्टून वाली सहित अन्य कई किस्म की पिचकारियां उपलब्ध है।

# पृथ्वीराज चौहान और छत्रपति संभाजी महाराज की मनाई गई पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वावधान में वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान और छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान अमर रहे और छत्रपति संभाजी महाराज की जय के नारे लगाकर वीर शहीदों को नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान भारतीय इतिहास के स्वर्णिम योद्धा थे। जिन्होंने विदेशी आक्रमणकारी मोहम्मद गौरी को 16 बार पराजित किया। उनका शौर्य और बलिदान हर भारतीय के लिए प्रेरणादायक है। वहीं, कोण्डागाँव जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने छत्रपति संभाजी महाराज के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे मराठा साम्राज्य के द्वितीय छत्रपति थे और उन्होंने अपने जीवनकाल में 121 युद्ध लड़े, जिनमें वे हमेशा विजयी रहे। मुगल आक्रमणों के खिलाफ दक्षिण भारत की रक्षा करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने आगे बताया कि 11 मार्च 1689 को जब संभाजी महाराज ने इस्लाम धर्म अपनाने से इनकार कर दिया तो मुगल शासक औरंगजेब ने उनकी हत्या करवा दी। उनकी वीरता, विद्वता और बलिदान को याद करने के लिए हर साल उनकी पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम




#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती और पूर्व सैनिक ढालेश साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने राष्ट्रभक्ति और वीरता के इन प्रतीकों से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

### पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर दिया जोर

# कलेक्टर ने की माकड़ी में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को माकड़ी स्थित जनपद पंचायत भवन में आयोजित बैठक में आकांक्षी विकासखण्ड माकड़ी में चल रहे विकास कार्योंर् की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी ग्रामीण पेयजल से वंचित न रहे और सभी घरों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्र, शाला भवन सहित अन्य शासकीय भवनों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाएगा।

#### हिमोग्लोबिन जांच में हो रही देरी पर नाराजगी कलेक्टर

आंगबाड़ी भवनों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तथा पानी टंकी स्थापित करने के लिए शासन द्वारा विशेष पहल की गयी है। इसे सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं पंचायत के प्रतिनिधि कार्य करेंगे। उन्होंने अच्छी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं का प्रदर्शन करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने हिमोग्लोबिन जांच में हो रही देरी पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए इसे तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में होने वाली जांचों की गति को तेज किया जाए ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि घर में प्रसव के मामलों में स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी और मितानीन को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

#### टेलीविजन का लाभ विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने के निर्देश

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के कार्योंर् की समीक्षा करते हुए आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रें के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही, अपार आईडी से संबंधित कार्योंर् को भी शीघ्र पूरा करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शालाओं को उपलब्ध कराए गए सभी टेलीविजन का लाभ विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिक्षा के क्षेत्र में कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के अगले शैक्षिक सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सख्त निर्देश दिए। छात्रवासों में सुविधाओं के संबंध में भी कलेक्टर ने निर्देश दिए कि छात्रवासों में छात्रें को सभी आवश्यक सुविधाएं दी जाएं।

#### मौजुद रहे ये

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अजय उरांव सहित जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### माकड़ी क्षेत्र के मांझी-चालकी

# पुजारी-गायता की बैठक में कलेक्टर हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने माकड़ी में आयोजित मांझी, चालकी, पुजारी एवं गायता की बैठक में बस्तर की समृद्ध एवं पारंपरिक आदिवासी कला एवं संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए राज्य शासन द्वारा प्रारंभ की जा रही महोत्सव बस्तर पंडुम 2025 में उत्साह के साथ भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि महोत्सव में जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य और वाद्ययंत्र शामिल हैं। साथ ही पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण, शिल्प–चित्रकला और जनजातीय व्यंजन भी प्रदर्शित किए जाएंगे। यह बस्तर की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण के साथ ही युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का भी एक अच्छा अवसर है।

■ महोत्सव बस्तर पंडुम 2025 में उत्साह के साथ निभाएं भागीदारी: कलेक्टर

#### विजेताओं के चयन के लिए एक विशेष समिति

प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन मौलिकता, पारंपरिकता और प्रस्तुति के आधार पर किया जाएगा। विजेताओं के चयन के लिए एक विशेष समिति बनाई गई है। समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह महोत्सव बस्तर की समृद्ध लोककला को नई पीढ़ी से जोड़ने का माध्यम बनेगा। साथ ही इससे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अजय उरांव सहित मांझी, चालकी, गायता, पुजारी उपस्थित रहे।

# होली के मद्देनजर थाना अनंतपुर ने ली शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थाना अनंतपुर में बुधवार को आगामी होली पर्व को देखते हुए शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें होली त्यौहार को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने एवं किसी भी व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध उसे पर रंग नहीं डालने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में थाना अनंतपुर प्रभारी अखिलेश धीवर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, क्षेत्र के सरपंचों, पटेलों को संबोधित करते हुए त्योहार को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से बेवजह किसी पर जबरदस्ती रंग न लगाने और सभी समुदायों के बीच आपसी भाईचारे को बनाए रखने पर जोर दिया। इसके साथ ही, नागरिकों को यातायात नियमों के पालन और साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी गई।

■ बैठक में स्थानीय सरपंच उप सरपंच पटेल व जनप्रतिनिधि हुए उपस्थित

#### उपस्थित रहे ये

इस बैठक में थाना अनंतपुर एरिया के सरपंच, पंच,उपसरपंच जनप्रतिनिधि एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# संगोष्ठी में किसानों को पोषक तत्वों प्रबंधन की दी जानकारी

**कांकेर।** अखिल भारतीय समन्वित मृदा परीक्षण फसल अनुक्रिया सह संबंध परियोजना, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के संयुक्त तत्वाधान में आदिवासी उपयोजना के तहत गेहूं के फसल में मृदा परिक्षण एवं संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर 10 मार्च 2025 को ग्राम बाड़ाटोला विकास खण्ड चारामा में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मिट्टी परीक्षण के आधार पर पोषक तत्व प्रबंधन कर 14 कृषकों के यहां गेहूं की फसल प्रदर्शन आयोजित किया गया था, जिसका कृषकों को अवलोकन करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के मृदा वैज्ञानिक डा.राकेश बनवासी, डा गौरव जाटव एवं डा विवेक सिंघल ने कृषकों को गेहूं फसल में मिट्टी परीक्षण आधारित उर्वरक सिफारिश की विस्तृत जानकारी प्रदान किया और साथ ही साथ मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व एवं उसके आधार पर उर्वरक उपयोग की जानकारी उपस्थित कृषकों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में लगभग 40 कृषक उपस्थित हुए और साथ ही साथ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी देवराज कोमरा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डा बीरबल साहू, वैज्ञानिकगण डा कोमल सिंह केराम एवं उपेन्द्र नाग उपस्थित रहे।

# वनरक्षक की नौकरी का दिया झांसा आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




युवक को वनरक्षक की नौकरी का झांसी देकर लाखो रूपएं ऐंठने वाले आरोपी को कोरर पुलिस गिरफ्तार करने में कामयाब रही। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा। कोरर थाना में 5 मार्च को कोरर निवासी 43 वर्षीय राजेश कुमार जैन पिता मनराखन जैन रिपोर्ट दर्ज कराया था कि माह अक्टूबर 2020 में दोपहर करीबन 2 बजे आरोपी गितपहर निवासी 43 वर्षिय तिरथ सिन्हा पिता परसू राम सिन्हा मेरे दुकान के पास आया और बताने लगा कि मेरा अफसरों और नेताओं के साथ अच्छा जान पहचान है, तेरी नौकरी लगवा दूंगा। मैने आरोपी की बातो पर विश्वास कर लिया। वनरक्षक की नौकरी लगा देने की बात कहते हुए आरोपी ने 6 लाख रूपएं देना होगा तथा 4 लाख रूपएं एडवांस के रूप में पहले देना पड़ेगा बोला। नौकरी लगाने के लिए 30 अक्टूबर 2020 को एक लाख रूपएं नगद दिया व 4 नवंबर 2020 को 3 लाख 25 रूपएं आरोपी तीरथ सिन्हा के के खाता में जमा किया। आरोपी द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर छल पूर्वक धोखाधड़ी कर चार लाख रूपएं का ठगी किया। मामले कि गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों को प्रकरण से अवगत कराकर उनके दिशा निर्दशन में थाना प्रभारी कोरर निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता के द्वारा विशेष टीम तैयार कर रायपुर रवाना किया गया। आरोपी के लोकेशन में पहुंचकर आरोपी के घर जाकर दबिश दिया। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी ने अपराध करना कबूल किया। आरोपी को 12 मार्च को गिरफ्तार कर कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोरर निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता, उनि रामविलास नेगी, प्रआर लकेश रावटे, आर विनोद साहू एवं साइबर सेल कांकेर का विशेष योगदान रहा।

# बात नहीं करने पर युवक ने युवती के साथ की मारपीट व दी धमकी



**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत मुर्गा मार्केट के पास बात नहीं करने की बात को लेकर आरोपी ने युवती के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित युवती ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। अंतागढ़ थाना में 12 मार्च को शिकायत करने पहुंची मुर्गा मार्केट नयापारा अंतागढ़ निवासी 22 वर्षीय रितु नाग पिता संतोष नाग ने पुलिस को बताया कि घरेलू काम करती हूं। डेढ़ साल पहले मेरे साथ ग्राम कुरसेल का आरोपी सोहन उइके के साथ बातचीत फोन के माध्यम से होता था और बीच मे मैं सोहन के घर गई थी, फिर मैं मेरे घर वालो के साथ घर वापिस आ गई। पिछले तीन चार महिनो से सोहन से बातचीत बंद कर दी हूं। सोहन आए दिन मुझे गाली देते रहता है एवं मुझे बात करने के लिए बोलता रहता है। मैं सोहन के साथ बातचीत करना नही चाहती हूं। 11 मार्च को शाम करीबन साढ़े 4 बजें मुर्गा मार्केट के पास आरोपी मुझे गाली देते हुए बोला कि फोन से क्यो बात नही करती है। तेरे घर वाले भी मेरे से बात नही करते है। आरोपी ने विवाद करते हुए मेरे कनपटी मे दो-तीन झापड़ मार दिया। धमकी देने लगा कि दुबारा मिलेगी तो जान से मार दूंगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### फरसगांव पुलिस ने 2 लाख रुपये की मांग कर धमकाने वाले 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

# धमकी और धोखाधड़ी करने के आरोप में 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थाना फरसगांव पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने और धोखाधड़ी करने के प्रयास के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों पर एक महिला अधीक्षिका को धमकाने और जबरन 2 लाख रुपये मांगने का आरोप है।

#### क्या है पूरा मामला

कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय बोरगांव की अधीक्षिका ने थाना फरसगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 मार्च से 10 मार्च 2025 के बीच आदित्य मंडल, अभय मंडल, राजा बेपारी, अमित मंडल और ज्योति डे ने मिलकर उन्हें और उनके पति को धमकाया। आरोपियों ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 2 लाख रुपये की मांग की। 6 मार्च की रात करीब 8 बजे आरोपियों ने प्रार्थिया के पति रघुराम मण्डावी को पोस्ट ऑफिस के पास बुलाया और कहा कि जब तक 2 लाख रुपये नहीं मिलेंगे तब तक उसे नहीं छोड़ा जाएगा। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर पैसे नहीं मिले तो अधीक्षिका की नौकरी खत्म करवा देंगे। इतना ही नहीं, आरोपी अभय मंडल ने प्रतिबंधित क्षेत्र कस्तुरबा बालिका छात्रवास में बिना अनुमति के घुसकर प्रार्थिया को लगातार परेशान किया।



#### गिरफ्तार किए गए आरोपी

अभय मंडल 26 वर्ष, आदित्य मंडल 20 वर्ष, राजा बेपारी 26 वर्ष, अमित मंडल 32 वर्ष, ज्योति डे 39 वर्ष।

#### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

पीड़िता की शिकायत पर फरसगांव पुलिस ने अपराध क्रमांक 31/2025 के तहत धारा 308 (2), 332 (ग), 221, 191 (2) बीएनएस में मामला दर्ज किया। कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भा.पु.से के निर्देश पर एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल और एसडीओपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

#### पुलिस टीम की अहम भूमिका

इस कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिंदे, सउनि सुरेंद्र बघेल, सउनि पितांबर कठार, प्रधान आरक्षक मुपेंद्र साहू, महिला प्रधान आरक्षक बीना मंडावी और आरक्षक अजय मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फरसगांव पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़िता को न्याय मिला और आरोपियों पर कानूनी शिकंजा कसा गया। पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

# दुधावा चौकी में शांति समिति की हुई बैठक, सौहार्द्रपूर्ण होली मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही



दुधावा चौकी में चौकी प्रभारी ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पटेल, कोटवार एवं पत्रकारों की उपस्थिति में होली के मद्देनजर शांति समिति की बैठक लिया। बैठक में शांति और सौहार्द को बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान दुधावा चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र वर्मा ने बताया कि होली के त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध करने का निर्णय लिया। इसके अलावा लोगों से अव्हान किया गया कि वे त्यौहार के दौरान शांति और सौहार्द को बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी व्यक्ति पर जबरदस्ती रंग गुलाल न लगाए, वर्जित तेल, राखड़, कीचड़ व पेंट का उपयोग न करें। गुब्बारों तथा मुखोटों का उपयोग न करें। राहगीरों को रोककर किसी भी प्रकार का चंदा न ले। नशापान कर वाहन नही चलाने कहा गया। यातायात नियमों का पालन करने एवं साइबर अपराध के संबंध में जानकारी दिया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सौहार्द को बनाए रखना है, ताकि लोग होली का त्योहार शांति और खुशी के साथ मना सकें।

इस अवसर पर क्षेत्र के सियाराम कोसमा, भीखम शोरी, रामसुख पटेल, पवन नेताम, अमिताभ नेताम, निरंजन गंजीर, मुकेश शुक्ला, काजुराम साहू, आकाश नेताम, कंवलराम, सहायक उप निरीक्षक छत्रपाल साहू, गौतम बिसेन, चौकी स्टाप एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सरपंच ,कोटवार, ग्राम पटेल बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### होली पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**बस्तर।** पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में जिले के बस्तर थाना में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में थाना प्रभारी हर्ष कुमार धुरंधर ने कहा कि होली पर्व को शांति से मनाया जाए। उन्होंने लोगों से अपील करते कहा कि वे होली पर किसी को भी जबरन रंग गुलाल ना लगाए, शराब का सेवन ना करें, और ना ही बाइक पर तीन सवारी बैठे, प्रतिबंध मास्क ना लगाएं। बैठक में थाना प्रभारी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त दिशा निर्देश जारी की और नागरिकों से सहयोग की अपील की। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से पुलिस ने नागरिकों से अपील किया कि वह जिम्मेदार नागरिक का परिचय दे और भाईचारे के साथ होली मनाएं। बैठक में बस्तर थाना क्षेत्र के सरपंच उप सरपंच,पंच,पार्षद एवं आम नागरिक शामिल हुए।

### होली के लिए सजा नगर का बाजार



**गीदम।** रंगों के पर्व होली के लिए नगर का बाजार सजने लगा है। खरीददारी के लिए बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। दुकानों में पहले से ज्यादा वैरायटी के उत्पाद उपलब्ध हैं। पिचकारी, अबीर, गुलाल के साथ-साथ कार्टून पात्रों के मुखौटे दुकानों पर सजे है। इस बार गुलाल और रंगों के दाम काफी बढ़ गए हैं। धीरे-धीरे लोग अब केमिकल रंगों से होने वाले नुकसान की वजह से इनसे परहेज करने लगे हैं जिससे इन रंगों की खरीदारी अब ना के बराबर हो गई हैं। लोगों में हर्बल गुलाल का क्रेज बढ़ रहा है जिसके कारण दुकानदारों ने हर्बल गुलाल की विभिन्न वैरायटी दुकानों में रखी है। और हर्बल गुलाल 50 रुपए से लेकर 500 रुपए तक की कीमत के उपलब्ध हैं। विभिन्न वैरायटी छोटा भीम, स्पाइडर मैन, डोरिमोन की पिचकारिया बच्चों को अपनी ओर लुभा रही हैं।

### नपं अध्यक्ष ने वार्डों का किया भ्रमण



**गीदम।** नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना एवं पार्षद सूरज सिंह ठाकुर के द्वारा वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 का भ्रमण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने वार्ड में मूलभूत समस्या पीने का पानी, नाली की निकासी, बोर, लाइट जैसे समस्याओं को समझा एवं उसके निदान करने का प्रयास किया गया। वर्षों से अधूरी, अपूर्ण नाली को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### 19 सदस्य के जनपद में 8 भाजपा, 6 कांग्रेस, 5 सीपीआई में महिला भाजपा अध्यक्ष का दबदबा

# गठबंधन फेल, हार के बाजीगर बनी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



सुकमा जिला के जनपद पंचायत कोंटा में अध्यक्ष उपाध्यक्ष के हुए निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर भाजपा ने कब्जा जमा लिया है। यह सीट 10 साल से कांग्रेस के पास थी। ज्ञात हो कि 11 फरवरी के हुए त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद 23 फरवरी को परिणाम घोषित किए गए थे। जिसमें भाजपा समर्पित जनपद सदस्य आठ सदस्य कांग्रेस समर्पित छह तथा सीपीआई समर्पित पांच जनपद सदस्य चुनाव जीत दर्ज किए थे । तीन प्रमुख पार्टियों में स्पष्ट बहुमत नही मिलने के कारण इन सीटों को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे और जनपद पंचायत कोंटा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद को लेकर गठबंधन से इन सीटों में कांग्रेस, सीपीआई का कब्जा होने की चर्चा हो रही थी किंतु सारे कयासों पर पानी फेरते हुए अध्यक्ष सीट पर भाजपा ने कब्जा जमा लिया और उपाध्यक्ष का पद सीपीआई के झोली में आया।

### ये हुए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्वाचित

बीते दस सालों से कांग्रेस के पास मौजूद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के इन सीटों को अपने कब्जे में लेते हुए अध्यक्ष पद के सीट पर भाजपा की महिला अध्यक्ष कुसुमलता कवासी जो जनपद क्षेत्र क्रमांक तीन मिलमपल्ली के जनपद सदस्य निर्वाचित ने अपना दबदबा बना लिया है। वहीं उपाध्यक्ष क्रमांक चौदह से जनपद सदस्य निर्वाचित माड़वी हिड़मा सीपीआई समर्पित ने जीत दर्ज की है। अध्यक्ष के लिए कांग्रेस,भाजपा से दो प्रत्याशियों दावेदारी की थी जिसमें 10 मत भाजपा को और 9 मत कांग्रेस को मिले।

### निर्वाचित हुए अध्यक्ष, उपाध्यक्षों का सफर

पंचायत राज्य गठन के पूर्व 1985 में सरपंच द्वारा जनपद अध्यक्ष पद निर्वाचन पद्धति के दौरान कांग्रेस समर्पित सोड़ी लिंगा ग्राम कांकेरलंका की जीत हुई थी वहीं उपाध्यक्ष पुनेम देवा ग्राम दुब्बाटोटा थे। 1990 में सीपीआई समर्पित सोयम मुकेश अध्यक्ष, तो महिला उपाध्यक्ष बनी थी। 1994-95 में त्रि-स्तरीय पंचायत राज्य गठन के बाद प्रथम अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस से मिडियम गांगा उपाध्यक्ष भीमा ने जीत दर्ज की थी और 2000 में सीपीआई समर्पित स्वर्गीय सोयम मुकेश अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष सत्तार अली निर्वाचित हुए थे। 2005 में हुंगा मरकाम, कांग्रेस से अध्यक्ष तो उपाध्यक्ष सुन्नम नागेश बने थे। 2010 मे भाजपा समर्पित कोरसा आयती अध्यक्ष और सीपीआई से उपाध्यक्ष कट्टम जोगा मिसमा से बने थे। 2015 कांग्रेस समर्पित सोयम मंगम्मा अध्यक्ष उपाध्यक्ष कवासी सोनी निर्वाचित हुई थी। 2020 मे कांग्रेस से सुन्नम नागेश अध्यक्ष माड़वी देवा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। और अब 2025 में भाजपा समर्पित कुसुमलता कवासी तथा सीपीआई से माड़वी हिड़मा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए है।

# नगर की बुनियादी सुविधाओं में एकजुट होकर बेहतर काम करें: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- नगर पालिका परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण



सुकमा नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह भव्य आयोजन बस स्टैंड परिसर सुकमा में किया गया, जहां सुकमा नगर पालिका परिषद् के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम और नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपने पद की शपथ ली। एसडीएम सुकमा सुश्री मधु तेता ने अध्यक्ष एवं पार्षदों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को शुभकामनाएँ देते हुए नगर के विकास और कल्याण के लिए उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। समारोह का समापन नगर के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ हुआ, जिससे सुकमा नगर पालिका परिषद् के भविष्य की नई आशाएं और संभावनाएं जुड़ी हैं।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम ने नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष पद की शपथ ली। इसके पश्चात एक -एक करके पार्षदों ने बारी- बारी से शपथ लिया। कार्यक्रम के दौरान, मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप और विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि वे नगर के विकास हेतु केंद्र सरकार से हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे, ताकि नगर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो और नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठे। उन्होंने कहा कि नगर की बुनियादी सुविधाओं में एक जुट हो कर बेहतर काम करें।

वहीं विधायक किरण देव राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नगर के विकास में शामिल करने का संकल्प लिया और नगर की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का वादा किया। दोनों अतिथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों से आग्रह किया कि वे नगर की समस्याओं को समझते हुए पारदर्शी और जनकल्याणकारी नीतियों को प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नगर का विकास सभी वर्गों के समन्वय से ही संभव है, और सभी निर्वाचित सदस्यों को एकजुट होकर नगर के हित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अतिथियों के विचारों का स्वागत किया।

इस अवसर पर अरुण सिंह भदौरिया, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर गजेद्र सिंह ठाकुर, सीएमओ कोर्राम एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# प्रौद्योगिकी परिषद ने मनाया विज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मानवीय मूल्यों का प्रगति में सबसे अधिक योगदान




शहर के स्वामी आत्मानंद शासकीय महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित विज्ञान दिवस के समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा बस्तर संभाग अपर संचालक एवं प्राचार्य शासकीय काकतीय महाविद्यालय जगदलपुर, डॉ. अनिल श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि लोक निर्माण विभाग जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता राजीव बत्रा शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने तीन दिवसीय सीजीसीओएसटी द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं अतिथि व्याख्यानों का विवरण दिया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार किसी भी क्षेत्रीय उत्पाद को ग्लोबल किया जा सकता है और एक एंटरप्रेन्योर कैसे बन जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के वैज्ञानिक सोच की तारीफ की। विशिष्ट अतिथि श्री बत्रा ने विद्यार्थियों को कहा कि अपने अंदर अनुशासन एवं धैर्य का समावेश करें तथा साथ ही लगातार परिश्रम करने से अंततः सफलता अवश्य हासिल होती है। उन्होंने यह भी बताया कि मानवीय मूल्यों का आपकी जीवन प्रगति में सबसे अधिक योगदान हैं। व्याख्यान में डॉ. विपिन दुबे, हाइड्रो बायोलॉजिस्ट का जल संरक्षण विषय पर व्याख्यान हुआ। उसमें उन्होंने विभिन्न मॉडल द्वारा विद्यार्थियों को यह बताया कि किस प्रकार हम वर्ष के जल को संरक्षित कर सकते एवं भूमिगत जल को दोहन से बचा सकते हैं। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अतुल त्रिवेदी ने ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर सुश्री किरण साहू, सचिन सिंह, मनीषा टाइगर, पवन ठाकुर, निलेश तिवारी, मुकेश यादव, राहुल महावर, श्रुति देवांगन, मृगेंद्र देवांगन, भूमिका नाग, सौम्या ताम्रकार एवं विद्यार्थी शामिल रहे।

### प्रेक्टिकल मैनुअल का किया विमोचन

महाविद्यालय में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी स्पर्धा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा विज्ञान दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं रंगोली, पोस्टर, प्रदर्शनी, क्विज एवं भाषण के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इसी के साथ प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे द्वारा अंग्रेजी माध्यम में लिखी भू-गर्भ शास्त्र विषय की पुस्तक जियोलॉजी के प्रिंसिपल्स ऐड प्रैक्टिकल मैनुअल का भी विमोचन किया गया।

# विज्ञान प्रदर्शनी मेले में मॉडल का प्रदर्शन, विजेता हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




संस्कार द गुरुकुल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने साइंस दिवस पर विभिन्न प्रकार के साइंस के मॉडल व प्रोजेक्ट बनाकर उस मॉडल की कार्य विधि व उपयोगिता के बारे में विस्तार से वर्णन कर अपना साइंस मॉडल व प्रोजेक्ट प्रदर्शनी लगाई। जिसमें कई मॉडल जैसे रोबोटिक मानव, स्मार्ट इरीगेशन, जैसे अलग अलग विषय के जैसे भौगोलिक, हिंदी, अंग्रेजी, गणित इत्यादि विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी मेले पर अपने मॉडल का द्वारा प्रदर्शन किया गया। संस्था के संस्थापक रतनलाल जैन, निदेशक अमीत कुमार जैन, प्राचार्य प्रवीण कुमार साहू एवं समस्त कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। छात्रों द्वारा 28 फरवरी का महत्व भी सभी बताया गया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के के रूप मनाया जाता है। इस दिवस पर महान वैज्ञानिक डॉ. चंद्रशेखर वेंकटरमन को याद किया जाता है। आयोजन के मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिकता और नवाचार का साझा सामंजयस देश और समाज को देना था स्कूली छात्रों ने साइंस प्रोजेक्ट में विभिन्न मॉडलों के प्रदर्शनी को क्रियान्वित कर दिखाया। संस्कार द गुरुकुल स्कूल में विजेताओं को प्रमाण पत्र आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त जीएस सोरी के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# जिला शिक्षाधिकारी बघेल ने किया 10वीं बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**भोंड।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के तहत 12 मार्च को कक्षा 10वीं की आईटी एवं हेल्थकेयर परीक्षा का जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर तथा स्वामी आत्मानंद कन्या हिंदी माध्यम विद्यालय बस्तर का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा की व्यवस्था, सुरक्षा एवं अनुशासन की समीक्षा की गई। इस दौरान व्याख्याता रजी वर्गिस एवं सतरूपा मिश्रा उपस्थित रहीं। जिला शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# चीफ जस्टिस ने किया नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर रमेश सिन्हा के द्वारा नवीन व्यवहार न्यायालय भवन एवं न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय कालोनी सुकमा का भूमिपूजन बुधवार को वर्चुअल मोड से किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अरविन्द कुमार वर्मा माननीय न्यायाधीश उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं पोर्टफोलियो जज जिला दन्तेवाड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। रमेश सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी पदस्थापना छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में होने के पश्चात उनके द्वारा सर्वप्रथम दन्तेवाड़ा न्यायालय का ही निरीक्षण किया गया था एवं दन्तेवाड़ा न्यायालय के न्यायिक कर्मचारियों के आवसीय परिसर का उद्घाटन किया था। उन्हें इस बात की खुशी है कि आज नवीन व्यवहार न्यायालय भवन सुकमा एवं न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय परिसर का भूमि पूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यवहार न्यायालय बीजापुर के न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के नव निर्मित भवन भी बनकर तैयार हो गया है। जिसका उद्घाटन उनके द्वारा पूर्व में किया गया। उनके कहा कि दन्तेवाड़ा क्षेत्र सुदुर एवं संवेदनशील है परन्तु उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा क्षेत्र छत्तीसगढ़ राज्य का खूबसूरत स्थान है। उन्होंने कहा कि सुकमा न्यायालय भवन एवं न्यायिक कालोनी तैयार होने से न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों की कार्य कुशलता में वृद्धि होगी। जिससे आम नागरिकों को सुलभ एवं शीघ्र न्याय प्रदान किया जा सकेगा।

चीफ जस्टिस द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दन्तेवाड़ा, कलेक्टर सुकमा एवं पी.डब्ल्यू.डी. के अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही गुणवत्ता पूर्ण तरीके से नवीन व्यवहार न्यायालय सुकमा एवं न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय परिसर का निर्माण का कार्य सम्पन्न किया जाये।

विजय कुमार होता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दन्तेवाड़ा के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत कर कहा कि माननीय चीफ जस्टिस महोदय के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में इन्फ्रास्ट्रक्चर का कार्य काफी तेजी से विकसित हुआ है। पोर्टफोलियो जज दंतेवाड़ा अरविंद कुमार वर्मा का निरंतर मार्गदर्शन भी हमें प्राप्त होता रहा है।

### पीएम इन्टरशीप योजना में हुई कार्यशाला



**जगदलपुर।** झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में पीएम इन्टरशीप योजना के तहत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के प्राचार्य डॉ. जीपी खरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्राचार्य ने बताया कि इस प्रोग्राम का उद्देश्य देश भर में युवाओं को प्रधानमंत्री इन्टरशीप ट्रेनिंग के बारे में बताया साथ ही साथ अलग-अलग समूह के ट्रेनिंग की उपलब्धता की जानकारी दी। कार्यक्रम में भूतपूर्व छात्रों ने बढ़कर हिस्सा लिया और पीएम इन्टरशीप प्रोग्राम में अपना रजिस्ट्रेशन कराया। कार्यशाला को आयोजित करने में पीयूष तिवारी, ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर और मुकेश साहू माईनिंग विभाग, शैलेन्द्र सिंह जियोलोजी एवं तोरण लाल साहू आईटी भी शामिल हुए।

# बलीराम की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद स्व. बलीराम कश्यप की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय चितालंका में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मंडल अध्यक्ष जय भंसाली ने बस्तर के विकास में उनकी सहभागिता और जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व. बलीराम कश्यप का राजनीतिक जीवन दृढ़ निष्ठा, ईमानदारी और अपार जनसमर्थन का प्रतीक था। वे केवल एक जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि बस्तर के जन-जन के हृदय में बसे जननायक थे, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज और क्षेत्र की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और संघर्षशीलता ने बस्तर को नई दिशा दी। उनका योगदान युगों-युगों तक स्मरणीय रहेगा। इस दौरान समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

# धर्मचंद बने सर्व हिन्दू समाज के संभागीय अध्यक्ष, रंजीत पांडे को सचिव की जिम्मेदारी



**जगदलपुर।** सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष अशोक अरोरा की अध्यक्षता में नए प्रबंधकारिणी गठन के सम्बन्ध शांति नगर स्थित मां दुर्गा मंदीर में बैठक किया गया। बैठक में जे महेंद्रकान्त संगाणी को सर्व सम्मति से निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। निर्वाचन अधिकारी के समक्ष क्रमशः अध्यक्ष के लिए धर्मचंद्र शर्मा का एक नाम एवं सचिव के लिए रंजीत पाण्डेय का एक नाम प्रस्तावित एवं पर्याप्त समर्थकों द्वारा समर्थन किया गया। तदुपरांत अन्य नाम के प्रस्तावित होने के लिए पर्याप्त समय देने के उपरांत भी किसी के द्वारा कोई नाम न आने पर निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधिवत सर्व हिंदू समाज बस्तर संभाग के अध्यक्ष धर्मचंद्र शर्मा एवं सचिव रंजीत पाण्डेय को 3 वर्ष के कार्यकाल के लिए सर्व सम्मति से निर्वाचित घोषित किया। और बैठक में निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव को प्रबन्ध कारिणी के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को चयनित करने के लिए अधिकृत किया गया।

### अटल बिहारी वाजपेई व कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में हुआ स्वास्थ्य शिविर

# शिविर में 187 मरीजों की जांच व किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के नर्दिशानुसार बुधवार की सुबह से धरमपुर नंबर एक अटल बिहारी वाजपेई और कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया गया।

इसमें सामान्य सर्दी, खांसी, बुखार, त्वचा संबंधी बीमारी, खुजली, बीपी, शुगर, अन्य सभी बीमारियों का जांच और उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शिविर का जायजा लिया और बताया कि आउटरीच कैंप पहुंच विहीन और झुग्गी झोपड़ी वाले बस्ती में उनके बीच जाकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ देने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. केएम गुप्ता एमडी मेडिसिन के अलावा शहर में संचालित विभन्नि स्वास्थ्य केंद्रों से डॉ. बेवीन सुनील चाको, डॉ. मोमीता बसाक, डॉ. अंकिता पांडे, डॉ. रेखा चौहान और अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। इस मौके पर सीएमएचओ के साथ नोडल पीएनडीपी डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन, डीपीएम डॉ. रीना लक्ष्मी, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद शकील खान, महेंद्र पांडे शामिल रहे। शिविर में 187 मरीजों का पंजीयन किया गया, जिसमें 93 मरीजों का बीपी जांच किया गया, 27 उच्च रक्तचाप के मरीज मिले, 93 लोगों का शुगर जांच किया गया, 33 मधुमेह के, लकवा के 4, गठिया वात के 18, कंधा व गर्दन दर्द के कुष्ठ के 1, कमजोरी के 11, नेत्र जांच 27 लोगों का किया गया।

## खबर संक्षेप



### निर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने विजय जुलूस निकाला

**दुर्गूकोंदल।** ग्राम पंचायत राऊरवाही के नवनिर्वाचित सरपंच, पंच और नव निर्वाचित प्रतिनिधियों ने बुधवार 12 मार्च को राउरवाही, महेंद्रपुर और सटेली में बाजे-गाजे के साथ विजय जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान ग्रामवासियों ने नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों का फूल माला पहनाकर, गुलाल लगाकर व श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। इस जुलूस में सरपंच बलराम टेपरिया, उपसरपंच तिजनबाई गावड़े, जनपद सदस्य पीलम नरेटी,नरसिंह उयके, मेहरलाल, तामेश्वर नरेटी, शिवलाल नरेटी, कृष्णा पटेल, आनंद राना, शांता सलाम के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

### पवन को प्रांताध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी



**धनेलीकन्हार।** जन नायक कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन ने छत्तीसगढ़ राज्य युवा प्रकोष्ट का प्रांताध्यक्ष शहर के युवा पवन सेन को नियुक्त किया है। संगठन के जिलाध्यक्ष लोकेश्वर सेन ने बताया कि राष्ट्रीय संरक्षक भुवन भूषण कमल सदस्य राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग दिल्ली, राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर सिंह श्रीवास एवं प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सेन के द्वारा पवन सेन को प्रांताध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### जंगल में फंदे पर लटका मिला ग्रामीण का शव

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत ग्राम लोहरीन घाट के जंगल में पर्रेकोड़ो निवासी 50 वर्षिय उजियार सिंह कावड़े का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। पर्रेकोड़ो निवासी 35 वर्षीय रमेश कावड़े ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 7 से 11 मार्च के बीच जंगल में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत कांकेर निवासी 36 वर्षीय राजकुमार नेताम का ईलाज के दौरान 11 मार्च को जिला अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### प्राशा में हुआ न्योता भोज व बच्चों को दी विदाई



**भानुप्रतापपुर।** प्राथमिक शाला सलिहापारा भानुप्रतापपुर में बच्चों को विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें न्योता भोज भी कराया गया। इस उपलक्ष में निशा फाउंडेशन द्वारा आगामी परीक्षा के लिए परीक्षा उपयोगी सामग्री कंपास बॉक्स बच्चों को वितरित किया गया। कार्यक्रम में निशा फाउंडेशन के संस्थापक सुखविंदर सिंह, राहुल सिंह, कंचन कौर, सौरभ सक्सेना, तारकेश्वरी नेताम, कुसुमलता शर्मा, गंगा कोमरे, पालकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

---

**अभियान : कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने ली बैठक और दिए निर्देश**

# जिले के 18 हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए महाअभियान 23 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले में रविवार 23 मार्च को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक उम्र के शिक्षार्थियों को सम्मिलित कराया जाना है, जो शिक्षा की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। कलेक्टर एवं साक्षरता कार्यक्रम के अध्यक्ष निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तैयारियां पूर्ण करने तथा सभी असाक्षरों को उक्त अभियान से जोड़कर उन्हें महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 12 मार्च कोदोपहर को आयोजित बैठक में उपस्थित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारियों (नोडल) एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयकों को बताया गया



कि जिले में कुल 18 हजार असाक्षरों को साक्षर करने का निर्देश राज्य कार्यालय के द्वारा दिया गया है। इसके लिए जिले में कुल 602 परीक्षा केन्द्र तथा केन्द्राध्यक्ष बनाए गए हैं। कलेक्टर ने सभी विकासखण्ड के शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी शिक्षार्थी इस परीक्षा से वंचित न रहे। साथ ही किसी तरह की नकल न हो इस पर विशेष रूप से ध्यान दें। इसके अलावा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राएं जिन्होंने स्वयंसेवी शिक्षक रूप में सेवा दी हैं, उनके द्वारा टैग किये गये शिक्षार्थियों को अनिवार्य रूप से इस परीक्षा में सम्मिलित किया जाये, ताकि उस बच्चे को 10 अंक बोनस के रूप में मिल सके। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि परीक्षा केन्द्र में शिक्षार्थियों के लिये पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था हो। शिक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र व समय की जानकारी अनिवार्य रूप से विभिन्न माध्यमों से प्रदान की जाये। जिला परियोजना अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर द्वारा राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशों को विस्तार से परीक्षा संबंधी जानकारी सभी ब्लाक के अधिकारियों को दी, जिसमें महापरीक्षा अभियान का प्रचार प्रसार नामांकन, पंजीकरण, डाटा कम्प्यूटरीकरण और परीक्षा की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने एवं प्रत्येक विकासखण्ड में कंट्रोल रूम स्थापित करने हेतु दायित्वों के बारे में बताया गया। बैठक के अंत में कलेक्टर के द्वारा सभी अधिकारियों एवं साक्षरता अमले को महापरीक्षा अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने तथा सभी शिक्षार्थियों को इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने के लिए निर्देशित किया गया तथा साक्षरता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपाध्यक्ष हरेश मंडावी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

# होली के कारण बाजारों में बढ़ी भीड़, हर्बल रंग-गुलाल की भारी डिमांड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

होली पर्व की धूम पखांजुर के बाजार नजर आ रही है। नगर के दुकानो में रंग बिरंगे अबीर गुलाल पिचकारी नजर आ रहे हैं। बच्चे हो या बड़े, महिला हो या पुरुष सभी लोग में काफी उत्साह हैं। सभी वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर सामान की खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में लोग अपनी और अपने बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए केमिकल वाले रंग, अबीर और गुलाल खरीदने से परहेज कर रहे हैं। हर्बल अबीर और गुलाल की डिमांड जोरों पर है। कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने हर्बल रंग और गुलाल को बाजार में उतारा है, जिसकी बिक्री अपेक्षाकृत ज्यादा हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि होली का बाजार काफी अच्छा है। तरह-तरह के रंग गुलाल लोगों को काफी आकर्षित कर रहे हैं। इस बार होली में राशि के अनुरूप अलग-अलग रंग-सुंगध में पैक किए गए अबीर-गुलाल की मांग बहुत अधिक है। कई म्यूजिकल पिचकारियां भी इस बार बाजार में आई है। रंग गुलाल खरीद रहे ग्राहकों का कहना है कि होली को लेकर हम लोगों के बीच काफी हर्षोल्लास का वातावरण है। यह एक ऐसा पर्व है, जिसका इंतजार हम पूरे वर्ष करते हैं। क्योंकि इसमें हम लोग पूरे परिवार, दोस्त और रिश्तेदारों के साथ काफी एंजॉय करते हैं। यह पर्व एक दूसरे को जोड़ने का काम करता है।

---

# पत्नी की रिपोर्ट पर पति को बेदम पीटा 2 ग्रामीणों ने खिलाफ मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बड़गांव थानांतर्गत ग्राम दोड़देकादर में दो ग्रामीणो ने मिलकर अन्य ग्रामीण के साथ मारपीट कर उसे अधमरा कर दिया। मारपीट का शिकार हुए ग्रामीण की पत्नी ने दोनो आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया गया।

बड़गांव थाना में शिकायत करने पहुंचे दोड़देकादर निवासी 45 वर्षीय बुधयारिन यादव पति जयलाल यादव ने पुलिस को बताया कि 28 फरवरी की सुबह 9 बजें अकेली अपनी भाभी समिता यादव पटेलपारा दोड़देकादर के घर



मेहमान गई थी। मेरे पति और छोटा लड़का घर में था। भाभी के घर से 1 मार्च की सुबह 8 बजें अपने घर पहुंची। मेरी पड़ोसी मनोतीन मंडावी मुझे देखकर बताई कि कल शाम को 5-6 बजे गांव के ही नारायण यादव और किशन यादव के द्वारा नारायण यादव के घर के सामने नल के पास तुम्हारे पति को गाली देते हुए हाथ मुक्का से दोनो के द्वारा मारपीट किया गया है, जिससे देखकर मै छुड़ाने गई, तो मेरे साथ भी धक्की मुक्की किया गया। तुम्हारे पति को मारपीट करते हुए दोनो नारायण यादव के घर लेकर गए है। मैं यह सुनकर नारायण यादव के घर जाकर देखी। मेरे पति जयलाल यादव को खाट में लेटाकर रखे थे। मेरे पति ठीक से बोल नही पा रहे थे। मारपीट करने से मेरे पति के सिर छाती, हाथ, पैर तथा नाक में चोट आई है। आरोपियों ने मेरे पति को किस कारण से पिटाई किया, यह भी आरोपी नहीं बताएं। आरोपियों ने मारने के बाद अपने घर में बंधक बनाकर रखा था।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---



### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरर में ग्लॉकोमा स्क्रीनिंग सप्ताह मनाया

**कोरर।** राष्ट्रीय अंधत्व व अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरर के नेत्र सहायक अधिकारी अशोक यादव व समस्त मरीजों और स्टॉफ की उपस्थिति में ग्लॉकोमा स्क्रीनींग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में नेत्र परीक्षण में अपने नेत्र दबाव व नेत्र परीक्षण करवाया, जिसमें 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को नजदीक के लिए प्रेसबायोपिक नम्बर प्रदान किया गया। काला मोतिया के विषय में जनजागरूकता के लिए सभी उपस्थित जनों व मरीजों को बताया गया। नेत्र सहायक अधिकारी ने ग्लूकोमा क्या है व इससे बचाव के विषय में बहुत विस्तार से जानकारी दिया। जानकारी देते हुए बताया कि आँखों में नेत्र दाब के बढ़ने की वजह से ऑप्टिक नर्व डैमेज हो जाती है, तो हम उसे काला मोतियाबिंद कहते हैं। काला मोतियाबिंद से पीड़ित व्यक्ति को देखने में परेशानी होती है। यदि समय रहते काला मोतियाबिंद का इलाज नहीं किया जाए तो इससे व्यक्ति हमेशा के लिए अंधा हो सकता है। इसलिए प्रारंभिक अवस्था में लक्षण दिखाई देने पर इस गंभीर बीमारी का इलाज कराना बहुत जरूरी होता है। कार्यक्रम के दौरान आयुष चिकित्सा अधिकारी कोरर डॉ. हेमंत चंद्राकर, धनंजय साहू, पूनम ठाकुर, धामिनी ठाकुर, रूपेश नेताम, केश्वरी प्रधान, भारत भूषण कुलदीप, घनश्याम मारगिया, मंजूलता निषाद, तिलक धनकर, गोपाल कौशिक, मन्नू तारम, सोहाद्र कौशिक, तुलसी बाई जैन, खिलेश्वरी सिन्हा, नगीना धनकर व अन्य उपस्थित रहे।

---

# विभिन्न संगठनों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बताई समस्या, समाधान का मिला आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक व उपाध्यक्ष उत्तम यादव से विभिन्न संगठनों ने मिलकर उन्हें नए दायित्व के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण कौशिक ने विभिन्न संगठनों से मिलकर उनकी समस्या को जल्द से जल्द समाधान करने आश्वासन दिया। सर्वप्रथम सुनहरे कदम संस्था के महिला विंग के सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक से उनके कार्यलयिन कक्ष में मुलाकात कर उन्हें अध्यक्षीय दायित्व के लिए बधाई दी तथा अपने संगठन के कार्यो की जानकारी दी व भविष्य में संगठन के कार्यो में सहयोग की बात कही। इस दौरान पार्षद मीरा सलाम, हितेंद्र खटवानी, सलीम मेमन, विकास अंभोरे, वीरू साहू भी उपस्थित रहे। बधाई देने वालो में सुनीता मोटवानी, विजया असरानी, दीपा जवरानी, रेशम वल्यानी, महक रमानी, विनीता बुधवानी, कशिश नैनानी, विनीता वाधवानी, विमला गिड़लानी, सुमन मखीजा आदि उपस्थित रहे। सुनहरे कदम के बाद मिनी स्टेडियम गुमटी वालों ने जीत की बधाई दी व बरसात में दुकानों में पानी भरने की समस्या से अवगत कराते ठीक कराने की मांग की। अध्यक्ष ने गुमटी में दुकान लगाने वाले दुकानदारों को उनकी समस्या के जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। गुमटी वालो में राहुल गुप्ता, शेखर, राधे पटेल, वाहिद खान, इरफान, संदीप सेन, वेद साहू, चन्द्रभान आदि उपस्थित रहे। नगर पालिका कांकेर के कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण कौशिक व उपाध्यक्ष उत्तम यादव से सौजन्य भेंट कर उन्हें अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनने की बधाई दी। कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं से अध्यक्ष को अवगत कराते हल करने की मांग की। अध्यक्ष ने कर्मचारियों की मांगों को गम्भीरता से सुन कर हल करने की बात कही। इस सौजन्य मुलाकात में भाव सिंग, कामेंद्र गिरी, मोनू साहू, चन्दर नेताम, द्वारका साहू, संदीप आदि उपस्थित रहे।

---

# ट्रक की ठोकर से रंगमंच क्षतिग्रस्त चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बांदे थानांतर्गत बस स्टैण्ड रोड के पास ट्रक चालक ने ट्रक को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए रंगमंच को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। रंगमंच में बैठे ग्रामीणों ने जैसे तैसे अपनी जान बचाई, ग्रामीण रंगमंच से नहीं भागते, तो बड़ा हादसा हो सकता था। बांदे थाना में शिकायत करने पहुंचे बांदे निवासी 38 वर्षीय हरिदास मल्लिक पिता स्व. दीवाकर मल्लिक ने पुलिस को बताया कि 11 मार्च को दोपहर 3 बजे अपने परिवार के साथ घर के सामने सार्वजनिक स्थान बस स्टैण्ड बांदे रोड़ में बैठा था। उसी समय आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 08 एई 9927 के चालक ने अपनी ट्रक को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक उतावलेपन से चलाते हुए रंगमंच बांदे की ओर रिवर्स करते समय रंगमंच को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे रंगमंच क्षतिगसत हो गया है। हम




लोगो ने किसी भी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। हम लोग वहां से नहीं भागते, तो अवश्य ही मेरा जीवन संकट में पड़ सकता था। ट्रक चालक से पूछताछ किया गया, परंतु पहले कुछ नहीं बता रहा था, उसके बाद ट्रक क्रमांक सीजी 08 एई 9927 के चालक ने अपना नाम बालोद जिला के मेड़की निवासी 39 वर्षीय लोचन कुमार नेताम पिता दुलाल चंद नेताम होना बताया। आरोपी की लापरवाही के चलते बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।



### होली पर हुई शांति समिति की बैठक

**भानुप्रतापपुर।** एसडीएम कार्यालय भानुप्रतापपुर में शांति समिति की बैठक हुई। यह बैठक होली पर्व को हुए रखी गई, जिसमें होली त्यौहार को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने एवं किसी भी व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध उस पर रंग नहीं डालने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनंत गोपाल, कोठारी, राजेश तिवारी, डाकवर प्रसाद मिश्रा, पार्षद राजकुमार यादव, पंकज वाधवानी, नरेन्द शर्मा, चंद्रमौली मिश्रा, डिगेश खापर्डे, अरविन्द जैन, फुरकान अहमद, इकराम खान, भगत शांडिल्य, तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# आजीविका मिशन समूह की महिलाओं के हर्बल उत्पाद को मिल रहा प्रतिसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत गठित महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद हर्बल गुलाल उनकी आय का जरिया बन गया है। रंगों के पर्व होली में अब रसायनयुक्त रंग एवं गुलाल की जगह हर्बल रंग-गुलाल स्थान लेने लगा है, जिससे वे न सिर्फ पर्यावरण और स्वास्थ्य की सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही हैं, अपितु उन्हें जीविकोपार्जन का सशक्त माध्यम भी मिल गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले के विकासखण्ड



**महिलाओं ने 19 हजार का कमाया लाभ**

समूह सदस्यों द्वारा इस वर्ष कुल 287 किलोग्राम हर्बल गुलाल उत्पादित कर 195 किलोग्राम 200 रूपए प्रति किलो की दर से 39 हजार रूपए का विक्रय किया गया है, जिसमें 19 हजार 220 रूपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हो चुका है। इसके अलावा समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल शासकीय कार्यालयों में स्टॉल लगाकर एवं हाट-बाजार के माध्यम से विक्रय किया जा रहा है।

कांकेर, दुर्गुकोंदल, नरहरपुर एवं भानुप्रतापपुर में गठित 06 महिला स्वसहायता समूह की 45 महिला सदस्यों द्वारा प्राकृतिक रंग हर्बल गुलाल बनाया गया। इस हर्बल गुलाल की विशेषता यह है कि इसके प्राकृतिक पदार्थ जैसे पालक भाजी, धनिया के पत्ते, पलाश के फूल, गैंदे के फूल, हल्दी, मेहंदी की पत्ती, धंवई के फूल, चुकंदर, सिंदूर के बीज एवं अरारोट का आटा का उपयोग गुलाल तैयार करने में किया जाता है। चूंकि समूह द्वारा बनाये गए उत्पाद में शुद्धता शत-प्रतिशत होती है एवं विश्वसनीय होती है। उन्होंने बताया कि गत वर्षों से जिले में बिहान योजना से जुड़े समूहों द्वारा हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है, यह केमिकल फ्री होने के कारण इस गुलाल को काफी पसंद किया जा रहा है। इससे त्वचा में किसी भी प्रकार का साईड इफेक्ट नहीं होता है। विकासखण्ड भानुप्रतापपुर की भारती साहू, धनेश्वरी दुग्गा और विकासखण्ड कांकेर के ग्राम सिंगारभाट की शोभा प्रसाद द्वारा हर साल हर्बल गुलाल बनाया जाता है।

---

# विद्युत लाइन के नीचे एवं ट्रांसफार्मर के समीप होलिका दहन और गीले कपड़े तार पर न फेंके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- होली पर विद्युत कंपनी की आमजनता से अपील

होलिका दहन के दौरान दुर्घटना से बचाव के लिए बिजली खंभा, ट्रांसफार्मर के पास होलिका दहन नहीं करने और रंग खेलने के दिन तार में गीला कपड़ा नहीं फेंकने की अपील विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिलेभर के नागरिकों से




किया गया है। अधीक्षण अभियंता चंद्रहास मरकाम एवं कार्यपालन अभियंता सतीश किण्डो ने कहा कि होली त्योहार उल्लास से मनाएं, लेकिन सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। होली त्योहार मनाने के दौरान विद्युत संबंधी विशेष सावधानी बरतनें की जरूरत है। बिजली खंभा, ट्रांसफार्मर के नजदीक एवं विद्युत लाइन के नीचे होली का दहन न करें। कुछ शरारती तत्वों द्वारा होली के उत्साह में गीले कपड़े चालू विद्युत लाइनों में फेंक दिया जाता है, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना होने की आशंका होती है। होली उत्सव मनाने के दौरान पानी के गुब्बारें, गुलाल, पानी व गीले कपड़े विद्युत लाईन व ट्रांसफार्मर के ऊपर न फेंके। छेंड-छाड़ कदापि न करें, ताकि किसी प्रकार की अनहोंनी व अप्रिय घटना न हो। अपने परिवार व परिजानें के साथ हर्षोल्लास सुरक्षित व सेहतमंद तरीके से होली का पर्व मनाएं। होली के दौरान में विद्युत संबंधी किसी भी शिकायत के त्वरित निराकरण के लिए कांकेर जिले के सब स्टेशनों में अधिकारी एवं कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण केंद्र मुख्यालयों एवं 33/11 के व्ही विद्युत उपकेंद्रों में तकनीकी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त होली त्योहार के दिन 24 मार्च का सायं शाम चार बजे से शहर के मुख्य स्थलों व ट्रांसफार्मरों के पास भी विद्युत कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है । विद्युत संबंधी आकस्मिक स्थिति के लिए संपर्क कर सकते हैं।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमवी, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport